हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025

13 डॉ. अंबेडकर सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के सबसे सशक्त स्तंभ



14 हिजरावां कलां पहुंची 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' घर-घर जाकर...



**खबर संक्षेप**

### घरेलू हिंसा करने का आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद ने दहेज को लेकर घरेलू हिंसा करने के मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतपाल पुत्र प्रकाश निवासी निकुवाना, रतिया के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी तथा उसकी बहन की शादी एक ही परिवार में हुई थी, और दोनों के साथ उनके पति व ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर मारपीट और गाली-गलौच की जा रही है।

### नीलगाय टकराने से बाइक सवार घायल

**फतेहाबाद।** भूना रोड पर चौथा मिल के पास बाइक के आगे नीलगाय आने से एक युवक घायल हो गया। नीलगाय की टक्कर लगते ही उछल कर युवक सडक़ किनारे खेतों में जा गिरा। आसपास के लोगों ने दौडक़र उसे संभाला और फिर फतेहाबाद के सिविल अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक भूना की तरफ से बाइक पर सवार होकर फतेहाबाद शहर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान चौथा मिल के पास खेतों की ओर से एकदम से नील गाय उसकी बाइक के आगे आ गई।

### घरेलू झगड़े के मामले में चार गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने घरेलू झगड़े के एक मामले में चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान स्वाति पत्नी सुनील निवासी गांधी नगर, टोहाना, सचिन उर्फ सीनू पुत्र उदयवीर निवासी गांव बधावड़, बरवाला, हिसार, दर्शना पुत्री सुल्तान सिंह तथा सुजाता पुत्री सुल्तान सिंह, निवासी डौहला, जिला जींद के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि 25 नवंबर को शिकायतकर्ता सरोज बाला पत्नी कृष्ण कुमार, निवासी वार्ड नं. 13, गांधी नगर, टोहाना ने शिकायत दी थी।

### हेरोइन सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम पुलिस टीम के साथ अपराध नियंत्रण एवं निगरानी के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबर खास से सूचना मिली कि एक युवक हेरोइन बेचने के इरादे से नंगली मंदिर के पीछे वाली गली में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 5.22 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## सावित्री देवी गर्ग इन्सां ने नेत्र और देह दान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव दौलतपुर निवासी सावित्री देवी गर्ग इन्सां पत्नी स्व. जगदीश गर्ग इन्सां ने अपने निधन के उपरांत आंखें और पूरा शरीर दान कर मानवता भलाई की अनूठी मिसाल पेश की। गांव में यह पहला शरीर एवं नेत्रदान है, जिसे समाज में जागरूकता और सद्भावना की बड़ी पहल माना जा रहा है। सावित्री देवी का शरीर वॉर्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल, झज्जर को भेजा गया, जहां मेडिकल विद्यार्थियों के शोध और अध्ययन में यह अमूल्य योगदान देगा। वेदप्रकाश इन्सां ने बताया कि माता सावित्री देवी ने शाह सतनाम महाराज से नामदान ले रखा था और पूरा परिवार डेरा सच्चा सौदा में आस्था रखता है।

## तीन युद्धों के जांबाज सैनिक सूबेदार प्रताप सिंह का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

- इतिहास की तीन निर्णायक लड़ाइयों में हिस्सा लिया
- कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे





भट्टूकलां। सैनिक सूबेदार प्रताप सिंह भारी (फाइल फोटो) व उनको मिले मेडल।

भट्टू क्षेत्र के गांव सूलीखेड़ा में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब क्षेत्र के गौरव और तीन-तीन युद्धों के जांबाज सैनिक सूबेदार प्रताप सिंह भारी का निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और कल उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

सूबेदार प्रताप सिंह भारी उन विरले सैनिकों में से थे जिन्होंने भारत के इतिहास की तीन निर्णायक लड़ाइयों 1962, 1965 और 1971 में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। सीमा की रक्षा, देश की सुरक्षा और सैनिक धर्म को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने हमेशा अपने कर्तव्य को निभाया। उनके साहस और समर्पण का किस्सा आज भी गाँव के बुजुर्गों की जुबान पर है। देश की रक्षा के लिए उनका योगदान, बहादुरी और त्याग हमेशा याद किया जाएगा। गांव सूलीखेड़ा में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके सुपुत्र रामनिवास भारी, जोकि हरियाणा पुलिस के गुप्तचर विभाग में कार्यरत हैं, ने मुखाग्नि दी। ग्रामीणों, परिजनों, पूर्व सैनिकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी।

### 'प्रताप सिंह अमर रहे' से गूंजा वातावरण

अंतिम यात्रा के दौरान 'प्रताप सिंह अमर रहे' के नारों से पूरा वातावरण गूँज उठा। उनके परिवार को क्षेत्र के लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों और कई सामाजिक संगठनों ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा कि एक साहसी योद्धा, एक अनुशासित सैनिक और एक आदर्श इंसान के रूप में सूबेदार प्रताप सिंह भारी की यादें हमेशा दिलों में जीवित रहेंगी।

### समिति करेगी जांच, 6 सप्ताह में जारी होगी सहायता राशि

## अब कुत्ते के काटने पर मिलेगी वित्तीय सहायता

*दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय परिवार सुरक्षा योजना-द्वितीय लागू*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



हरियाणा सरकार ने राज्य के परिवारों की सामाजिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय परिवार सुरक्षा योजना-द्वितीय यानि दयालु- 2 को लागू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत बेसहारा, पालतू या जंगली पशुओं जैसे गाय, सांड, बैल, कुत्ता, नीलगाय, भैंस या अन्य छोड़े गए पशुओं द्वारा हुई दुर्घटना में घायल, विकलांग होने पर उनको तथा मृत्यु हो जाने मृतक के परिवार के सदस्यों को प्रदान की जाएगी। यह लाभ हरियाणा के सभी उन परिवारों को उपलब्ध होगा जिनके पास परिवार पहचान पत्र है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि योजना का उद्देश्य दुर्घटना, गंभीर चोट, स्थायी विकलांगता या मृत्यु होने की स्थिति में प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनकी सुरक्षा और राहत सुनिश्चित करना है। केवल वे घटनाएं इस योजना के अंतर्गत मान्य होंगी जो 5 सितंबर की अधिसूचना के बाद हुई हों। हरियाणा का कोई भी पीपीपी धारक परिवार इस योजना का लाभ ले सकता है, जबकि 1.8 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवार दयालु- 1 या दयालु-2 में दावा दर्ज कर सकते हैं। कुत्ते के काटने के मामलों में दावा तभी स्वीकार किया जाएगा जब घटना सार्वजनिक स्थान पर हुई हो और पीड़ित ने जानवर को उकसाया न हो।

### इस प्रकार मिलेगी सहायता राशि

इस योजना के तहत मृत्यु या 70 प्रतिशत से अधिक स्थायी विकलांगता की स्थिति में आयु आधारित सहायता राशि प्रदान की जाएगी, जिसमें 12 वर्ष तक 1 लाख रुपये, 12-18 वर्ष के लिए 2 लाख रुपये, 18-25 वर्ष के लिए 3 लाख रुपये, 25-45 वर्ष के लिए 5 लाख रुपये तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए 3 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। 70 प्रतिशत से कम विकलांगता की स्थिति में सहायता राशि आयु एवं विधिक प्रावधानों के अनुसार तय की जाएगी, जिसकी न्यूनतम सीमा 10 हजार रुपये है। सामान्य चोट पर 10 हजार रुपये, जबकि कुत्ते के काटने पर प्रति दांत निशान 10 हजार रुपये तथा त्वचा उखडने पर प्रति 0.2 सेमी के लिए 20 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

### जिला स्तरीय समिति गठित

दावों की जांच एवं अंतिम निर्णय के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति 120 दिनों के भीतर निर्णय लेगी और अनुमोदन के बाद राशि 6 सप्ताह में जारी की जाएगी। शिकायत निवारण के लिए डिवीजनल कमिश्नर और हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास (एचपीएसएन) के सीईओ को अधिकृत किया गया है, जो 30 दिनों के भीतर शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करेंगे। इस योजना की नोडल एजेंसी हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास है, समिति द्वारा मंजूरी के 6 सप्ताह के भीतर सहायता राशि जारी की जाएगी।

## सरकार के खिलाफ गरजे सफाईकर्मी

- 26 हजार रुपये वेतन दिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते प्रधान सोनू कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

जिला के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को मांगों को लेकर लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 26 हजार रुपए वेतन दिए जाने की मांग की। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान सोनू कुमार ने धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 साल के अपने कार्यकाल में भाजपा सरकार ने एक भी सफाई कर्मचारी की स्थायी भर्ती नहीं की और न ही किसी सफाई कर्मचारी को पक्का किया। उन्होंने कहा कि ये सरकार अपने ही वादों और घोषणाओं से बार-बार मुकरने का रिकॉर्ड बना चुकी है।

### कर्मियों ने कहा - सीएम अपनी घोषणाओं से मुकर रहे

*प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों ने कहा कि खुद मुख्यमंत्री अपनी घोषणाओं से मुकर रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित क्षेत्र के लिए 25 हजार और शहरी क्षेत्र के लिए 27 हजार रुपये वेतन तुरंत लागू किया, 11 जून को की गई वेतन बढ़ोतरी की घोषणा को एरियर सहित लागू किया जाए। कर्मचारी की मृत्यु उपरांत उसके परिवार को 10 लाख मुआवजा और नौकरी दी जाए। सेवानिवृति लाभ लागू किया जाए।*

## लक्की ड्रा में औमप्रकाश ने जीती रॉयल एनफील्ड बुलेट



फतेहाबाद। किसान ओमप्रकाश वर्मा को बुलेट की चाबी भेंट करते कम्पनी के अधिकारी।

**फतेहाबाद।** कृषि इनपुट कम्पनी पीआर इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे पीआई मित्रा किसान एप से अकीरा स्कैनिंग लक्की ड्रा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव खुम्बर के किसान ओमप्रकाश वर्मा को उपहार स्वरूप रॉयल एनफील्ड बुलेट बाइक भेंट की गई। शनिवार को गांव खुम्बर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कम्पनी की तरफ से किसान को बुलेट बाईक प्रदान की गई। समारोह में कम्पनी के प्रतिनिधियों ने विजेता किसान को बधाई देते हुए कहा कि पीआर मित्रा किसान एप का उद्देश्य किसानों को तकनीक से जोड़ते हुए सही उत्पाद की पहचान, नकली उत्पादों से सुरक्षा और कृषि में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर कम्पनी के टेरिटरी मैनेजर निपांशु वधवा, डिस्ट्रीब्यूटर चौधरी इंटरप्राइजिज अनाज मण्डी फतेहाबाद से मोहन मित्तल सहित आदि मौजूद रहे।

### डबवाली में बंदर पकडऩे का अभियान शुरू

**डबवाली।** शहर में बढ़ते बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद डबवाली ने बंदर पकडऩे का अभियान शुरू कर दिया। जींद से आई विशेष टीम ने कई वार्डों में पिंजरे लगाकर बंदरों को पकडऩा शुरू किया है। वार्ड 8 और 9 की एकता नगरी सबसे ज्यादा प्रभावित रही है, जहां बंदरों के हमलों और नुकसान की कई शिकायतें मिल रही थीं। पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित स्थान पर रखकर बाद में कलेसर जंगल में छोड़ा जाएगा। नगर परिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा ने बताया कि शहर को जल्द बंदर-मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लोगों को भयमुक्त वातावरण मिल सके।

## डोडा पोस्त सहित दो तस्करों को काबू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

**15 किलो 280 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद**

नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो डोडा पोस्त तस्करों को दबोचा है। पहले मामले में सी आ ई ए फतेहाबाद प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के लिए घग्घर पुल रतिया से मिनी बाईपास होते हुए टोहाना रोड रतिया की तरफ जा रही थी। जब पुलिस टीम पीर बाबा श्रीचंद जी महाराज के निकट पहुंची, तो एक नौजवान युवक सफेद रंग का प्लास्टिक कट्टा भरे हुए अपने पास लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस वाहन को आते देख वह कट्टा अपने दाहिने कंधे पर उठाकर सडक़ के उत्तर दिशा में खाली स्थान की ओर तेज कदमों से जाने लगा। शक के आधार पर उसे काबू कर चैक किया गया। तलाशी के दौरान प्लास्टिक कट्टे से 15 किलो 280 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जयपाल सिंह पुत्र करनैल सिंह, निवासी महमड़ा बताया।

## मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न किए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सडक़ों पर बढ़ते शोर और यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस लगातार एक्शन में है। थाना ट्रैफिक प्रबंधक उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने 15 बुलेट बाइकों के मोडिफाइड साइलेंसर और 5 प्रेशर हॉर्न को रोड रोलर से कुचलकर सार्वजनिक रूप से नष्ट किया। यह कार्रवाई उन वाहनों के खिलाफ की गई, जो अत्यधिक शोर उत्पन्न करके सडक़ पर अन्य यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहे थे।



फतेहाबाद। मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न नष्ट करते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी।

### वाहन मालिकों को चेतावनी

उप-निरीक्षक जय सिंह ने बताया कि सभी वाहन मालिकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि किसी भी बाइकों के साइलेंसर या हॉर्न को बदलने की अनुमति नहीं है। इसके साथ ही, दुकानदारों और वर्कशॉप मालिकों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी ग्राहक की बाइक में आवाज बढ़ाने वाले उपकरण न लगाएं।

## पुलिस ने युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया

- 8.11 ग्राम नशा किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ओढां

पुलिस ने ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गांव शेरगढ़ क्षेत्र से एक तस्करी को आठ ग्राम 11 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी डबवाली राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान गोपी राम के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव बनवाला से गांव खाई शेरगढ़ की तरफ जा रहे थी। गांव खाई शेरगढ़ के स्टेडियम के पास दीवार के साथ एक युवक खड़ा दिखाई दिया। जो कि सामने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया। तलाशी ली तो उसके कब्जे से आठ ग्राम 11 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना औढ़ा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई। वहीं आरोपी गोपी राम को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों बारे जानकारी हासिल की जाएगी।

**शक्कर मंदोरी में पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल**

## बारातियों को भेंट की त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा



बारातियों को पौधे भेंट करते हुए।

शक्कर मंदोरी गांव में रेखा पुत्री ओमप्रकाश सहारण की शादी एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की वजह से चर्चा में रही। विवाह समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत बारातियों को त्रिवेणी स्वरूप तीन प्रकार के फलदार, छायादार और फूलदार पौधे भेंट किए गए। इस पहल को देखकर सभी मेहमानों ने इसकी सराहना की और इसे समाज में जागरूकता का बेहतरीन उदाहरण बताया। कार्यक्रम में साधुराम गोदारा, अंकित गोदारा बोदिवाली, धर्मपाल सिंवर, बलबीर, सुधीर देहडू, दलबीर जाखड़, अमित गोदारा, भजनलाल गोदारा, विकास, अजय, गांव बोदिवाली के सरपंच मेनपाल गोदारा, बलवंत गोदारा, ऋषिराज बैनिवाल, पूर्व संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलाखेड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर दयाराम सहारण, किसान नेता दीवान सहारण, हरिराम सहारण, मंगलसेन, वीरेंद्र सहारण, संतोष बैनिवाल, ब्लॉक कृषि अधिकारी शैलेन्द्र सहारण, संजय, रामस्वरूप, विनोद, डॉ. पृथ्वी राज शर्मा, शास्त्री श्री भगवान शर्मा, देवीलाल गोरा, बंसीलाल, श्रवण, कमला हरद्वारी सहारण, मीनू सहारण, अभय आदि मौजूद रहे।

**आंदोलन** फतेहाबाद में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की राज्य स्तरीय तालमेल कमेटी की बैठक

## किसान 9 दिसंबर से करेंगे कर्जा मुक्ति अभियान का आगाज, भट्टू में शुरू होगी पदयात्रा : मनदीप नथवान

- फतेहाबाद, झज्जर, हिसार, सिरसा, कैथल, मेवात सहित कई जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद




फतेहाबाद। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की राज्य स्तरीय तालमेल कमेटी की बैठक में चर्चा करते किसान नेता। *फोटो: हरिभूमि*

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की राज्य स्तरीय तालमेल कमेटी की बैठक जाट धर्मशाला, फतेहाबाद में राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन राज्य सचिव संदीप सिवाच ने किया। बैठक में फतेहाबाद, झज्जर, हिसार, सिरसा, कैथल, मेवात सहित कई जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में किसान-मजदूरों पर बढ़ते कर्ज, फसल नुकसान का मुआवजा न मिलना, फसली बीमा कंपनियों की धोखाधड़ी और सरकारी दफ्तरों में बढ़ते भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। किसान नेताओं ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आम किसान-मजदूर को बिना रिश्वत काम ना होने जैसी स्थिति ने उनके जीवन को और कठिन बना दिया है। राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान ने बैठक में लिए गए निर्णयों बारे जानकारी देते हुए बताया कि 9 दिसंबर से भट्टू ब्लाक में पदयात्रा निकाली जाएगी।

### बीमा मुआवजे की मांग

मौसम से हुए फसल नुकसान एवं बीमा मुआवजे की मांग को लेकर 9 दिसंबर से भट्टू में पदयात्रा शुरू होगी। यह पदयात्रा भट्टू ब्लॉक के हर गांव में जाएगी। साथ ही, इसमें सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार और किसानों को परेशान करने वाली प्रक्रियाओं को भी मुद्दा बनाकर उठाया जाएगा। इसके अलावा कर्ज मुक्ति एवं भ्रष्टाचार के विरोध में किसान संघर्ष समिति द्वारा हरियाणा में बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक जिले में सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। 15 से 30 जनवरी तक किसानों द्वारा प्रत्येक ब्लॉक पर एकदिवसीय सांकेतिक धरने देते हुए मांग-पत्र सौंपे जाएंगे। इसके अलावा गांव स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

### चेतावनी दी

मनदीप नथवान ने बताया कि कर्ज मुक्ति की मांग और सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए चाचा अजीत सिंह के जन्मदिवस 23 फरवरी पर हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास पर 3 दिन का महापड़ाव डाला जाएगा। समिति का कहना है कि जब तक कर्ज की पूर्ण माफी और भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन पीछे नहीं हटेगा। किसान संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि सरकार यदि किसानों की कर्ज माफी, फसल मुआवजे और सरकारी कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करती, तो आंदोलन को और व्यापक व तीव्र रूप दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन मांगे

**फतेहाबाद।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति (डीएनटी) के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन ऑनलाइन करने हेतू निर्धारित मापदंड व शर्तों की जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि छात्र पीएमएस-एससी हेतु अनुसूचित जाति वर्ग से तथा पीएम यशस्वी घटक-2 हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति वर्ग से संबंधित होना चाहिए।

### शादी पर परिवार को घरेलू सामान का दिया सहयोग

**रतिया।** गुरुद्वारा बाबा विश्वकर्मा साहिब द्वारा संगत के सहयोग स्वरूप स्थानीय परिवारों को सहयोग में शादी के मौके पर घरेलू समान दिया गया। गुरद्वारा कमेटी के सचिव अवतार सिंह ने बताया कि गुरूद्वारा कमेटी द्वारा संगत के सहयोग से समय-समय पर धार्मिक कार्यों के साथ साथ समाजिक गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि शादी के मौके दो परिवारों को घर हेतू जरूरी घरेलू समान का सहयोग दिया गया। उन्होंने बताया कि जैसे जैसे उनके पास जरूरतमंद परिवार का पता चलता है उसके अनुसार सहयोग किया जाता है। इससे पहले भी कई बार विवाह मौके समान दिया गया है।

### एथलेटिक्स के लिए कल पंचकूला में होंगे ट्रायल

**सिरसा।** अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स (पुरुष/महिला) प्रतियोगिताओं के लिए 8 दिसंबर को ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए ट्रायल ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-3, पंचकूला में आयोजित किए जाएंगे। खिलाड़ी ट्रायल वाले दिन सुबह 10:00 बजे तक निर्धारित स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी ट्रायल में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें अपने विभाग से एनओसी प्राप्त कर निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होना होगा। खेल विभाग की ओर से किसी प्रकार का टी.ए./डी.ए. प्रदान नहीं किया जाएगा।

### गोशाला प्रकरण का पटाक्षेप यथावत रहेगा शिवलिंग

**सिरसा।** श्री गौशाला और शिव भक्तों के बीच चल रही खींचतान का पटाक्षेप हो गया। अब शिवलिंग अपने पहले के स्थान पर ही स्थापित किया जाएगा। श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया व भाजपा के जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट को श्री गोशाला में आमंत्रित किया गया। दोनों ने ही शिवभक्त महिला-पुरुषों से राय जानी। सबने एकमत से यही कहा कि शिव मंदिर में उसी स्थान पर शिवलिंग की स्थापना होनी चाहिए। इस पर लोगों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए श्री गौशाला के पदाधिकारियों से चर्चा की गई।

# डॉ. अंबेडकर सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के सबसे सशक्त स्तंभ

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा द्वारा संविधान रचियता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धाभाव से मनाया गया। लालबत्ती चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम ने शिरकत की।

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर उनके महान व्यक्तित्व और विचारों को याद किया। इसके अलावा बीजेपी जिला कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन संघर्ष को स्मरण करते हुए उन्हें गहन नमन किया। बीजेपी नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और मानवाधिकारों के सबसे सशक्त स्तंभ थे। डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि संघर्ष चाहे कितना भी कठिन क्यों न हो, शिक्षा, परिश्रम और संकल्प के बल पर हर असंभव लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। दुड़ाराम ने कहा कि बाबा साहेब ने देश के हर कमजोर, वंचित और शोषित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने समाज को जाति और भेदभाव से ऊपर उठकर समानता और भाईचारे की राह पर चलने का मार्ग दिखाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजना पहुंचाने का कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाएं बाबा साहेब के 'सबका साथ, सबका विकास' के विचार को साकार कर रही हैं। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन सुभाष खिचड़, नगर परिषद के चेयरमैन राजेन्द्र खिची, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, बीजेपी नेता शम्मी ढींगड़ा, विकास शर्मा, विक्रम मराठी, रवि शर्मा, मनजीत शर्मा, मनजीत गोस्वामी, संदीप भोडिया, रमेश जोईया, विकास शर्मा, विजय जांगड़ा, जगदीप मोंगा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।





फतेहाबाद। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते बीजेपी नेता डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजली अर्पित करते कांग्रेसजन। फोटो: हरिभूमि

### कांग्रेस ने डॉ. अम्बेडकर को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आज कांग्रेसजनों ने अम्बेडकर पार्क में एकत्रित होकर बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी को नमन किया तथा उनके जीवन को याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा, मंगतराम लालवास, शम्मी रत्ती, हरपाल बैनीवाल, श्याम सुंदर बंसल, हरपाल सिंह बैनीवाल, सुंदर सिंह, विक्की कम्बोज, गुरदीप चहल, राम स्वरूप पंवार, राम सिंह, बलवान सिंह, मनजीत लाम्बा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने कहा कि कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय लोकतंत्र की वह महान शक्ति थे, जिन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, साहस और शिक्षा के प्रति समर्पण हम सबके लिए प्रेरणा है। अरविन्द शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश के हर कमजोर और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अनवरत संघर्ष किया और एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जो सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करता है।



सिरसा। बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो: हरिभूमि

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन शिक्षित करने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बप्पां में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर एक श्रद्धांजलि समारोह किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार ग्रोवर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा और दृढ़ संकल्प के बल पर कठिन परिस्थितियों को भी पराजित किया जा सकता है, और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में डॉ. अंबेडकर के विचारों तथा सामाजिक समरसता और समान अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में प्रकाश सिंह, मनीष मेहता, राजेश कुमार, रोहित, प्रिंस छाबड़ा, गौरव, टीना, दलजीत सिंह, रोहताश कुमार, प्रवीण कुमार, संदीप कुमार, मीनू, सपना, सिकंदर सिंह, अजय कुमार, देशराज, सुनील खुराना, रितु, प्रदीप, सुखविंद्र सिंह, सुरेंद्र, सुखदेव, सुरेंद्र शास्त्री, मुंशी राम, सरोज और रचना मेहता आदि मौजूद थे।

### रेलवे स्टेशन पर लगाया लंगर भंडारा

**सिरसा।** स्वामी अचलानंद गिरि की स्मृति में सिरसा रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों व यात्रियों के लिए पूर्णिमा पर लंगर भंडारा लगाया गया। श्रद्धालु सुमन मित्तल ने बताया कि भंडारे का आयोजन स्वामी जी के श्रद्धालुओं द्वारा आपसी सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने बिना किसी भेद भाव के सेवा कार्यों पर जोर दिया और बताया कि वैसे तो सेवा कार्य कभी भी किए जा सकते है, परंतु अमावस्या व पूर्णिमा पर की गई सेवा का फल कई गुणा होता है। अतः सभी को ऐसे अवसरों पर सेवा कार्य जरूर करने चाहिए। भंडारे से पहले स्वामी जी के जयकारे के साथ सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। तत्पश्चात सैंकड़ों की संख्या में जरूरतमंद लोगों तथा यात्रियों को दाल,चावल, हलवा, तथा फल वितरित किए गए। सेवा कार्य में देवराज, वंदना, दिव्या मित्तल, डॉ. मनीष मल्होत्रा, बबलू, ओमप्रकाश मेहता आदि ने भाग लिया।

# बाबा साहब की पुण्यतिथि पर अलंकरण समारोह, 440 विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

■ बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर आदर्श भारती स्कूल में शनिवार को अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक निदेशक सुभाष बिश्नोई और राजेश खीचड़ ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर की। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार धारनियां ने की। समारोह के दौरान सुलेख प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 170 विजेताओं तथा अर्धवार्षिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले 270 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यस्त्र5म में मोंट द्वितीय से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल हुए। सभी विद्यार्थियों को सम्मान चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अलंकरण समारोह के अंतर्गत सत्र 2025 के लिए कक्षा प्रतिनिधियों सहित विद्यालय के हेड बॉय और हेड गर्ल का चयन किया गया। इसमें मोंट द्वितीय से गौरव व खुशी, मोंट तृतीय से लक्षित, दूसरी कक्षा से करण व दिशा, तीसरी से विहान व रवनीत, चौथी से पूर्णित व नैन्सी, पाँचवीं से अक्षित व खुशबू, छठी (एल) से मोक्ष व सपना, सातवीं से सौरव व रिया, आठवीं से जतिन व निकिता, नौवीं से स्माइल सामा व अंजू, दसवीं से सनूज व निशा, ग्यारहवीं कला संकाय से कृष व गरिमा, विज्ञान संकाय से स्नेहा व पवन, वाणिज्य संकाय से नितिशा व जतिन तथा बारहवीं कला संकाय से अंकित व हर्षा और विज्ञान संकाय से अंकित व सोनिका को हेड बॉय और हेड गर्ल चुना गया।

# छात्राओं को जर्सी और जूते किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

■ लायन्स क्लब रतिया सिटी ने राजकीय कन्या विद्यालय में किया कार्यकम का आयोजन

लायन्स क्लब रतिया सिटी द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया में जरूरतमंद बच्चों को जर्सी व बूट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष हरवीर जौड़ा, लायन क्वेस्ट चेयरमैन गोपाल चंद कुलरियां, सचिव राजकुमार अरोड़ा, सतीश सरदाना, सुख चंद अरोड़ा विशेष रूप में शामिल हुए जबकि समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य गजानंद ने की। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ नैब सिंह मंडेर ने स्वागत करते हुए लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्यों की प्रसंसा की। जर्सी वितरण समारोह के कोऑर्डिनेटर प्रवक्ता किरण सहारण ने क्लब सदस्यों का स्वागत करते हुए बच्चों को जर्सी - बूट की आवश्यकता का विस्तार पूर्वक चर्चा की। समारोह में जर्सी वितरण के बाद गोपाल चंद कुलरियां ने कहा कि समाज सेवा और योगासनों से स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। क्लब के प्रधान हरवीर जौड़ा ने कहा सर्दी के मौसम को देखते हुए जरूरतमंद बच्चों को जर्सी व बूट इत्यादि देना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर प्रवक्ता सुनील कुमार, नरेश कुमार, किरण सहारण, रिचा रानी बिश्नोई, डॉ. शीतल, सीमा रानी, बेबी, उषा रानी, हरदीप सिंह, विकास कुमार कक्कड़, भूप सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित था।





सिरसा। बैठक में भाग लेते सैनी सभा ट्रस्ट के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### महाराजा शूरसेनी जयंती को लेकर बैठक में बनाई रणनीति

**सिरसा।** आगामी 20 दिसंबर को मनाई जाने वाली महाराजा शूरसेनी की जयंती को लेकर सैनी सभा ट्रस्ट की बैठक सैनी धर्मशाला में शनिवार को बैठक हुई। बैठक में महाराजा शूरसैनी की जयंती को धूमधाम से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जयंती कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी सभा पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई। संरक्षक विजयपाल सैनी, उपप्रधान विशाल सैनी व बृजलाल सैनी पूर्व पार्षद ने बताया कि कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए आगामी 7 दिसंबर को एक बैठक और आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभा के सभी पदाधिकारियों व समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे इस बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करें। इस मौके पर कार्यकारी प्रधान चुन्नीलाल सैनी, सचिव अमीचंद सैनी, कोषाध्यक्ष विजयपाल, पूर्व प्रधान साधुराम सैनी, तुलसीराम सैनी, राजकुमार नंबरदार, विनोद कुमार सैनी, अशोक कुमार सैनी, धर्मवीर सैनी, रमेश कुमार सैनी, पूर्व प्रधान बनवारी लाल सैनी सहित अन्य समाज के गणमान्य मौजूद थे।

# वेतन की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों ने सिरसा जिले के चोपटा सीएचसी सेंटर में शनिवार को वेतन की मांग को लेकर चिकित्सा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य यूनियन सिरसा के जिला सचिव भीम सोनी व पूर्व प्रधान सुदेश कासनियां ने कहा कि सरकार एक तरफ तो कह रही है कि सभी कर्मचारी को जॉब सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी, वहीं दूसरी तरफ कर्मचारी के नाम पोर्टल पर गायब हो रहे हैं और दो महीना से वेतन नहीं मिल रहा है। भीम सोनी ने बताया कि पूरे सिरसा जिले में एचकेआरएन के 25 कर्मचारियों के नाम पोर्टल से गायब है और 2 महीने से उनका वेतन भी पेंडिंग है। कर्मचारियों ने सीएचसी सेंटर के बाहर सरकार के खिलाफ रोष जाहिर किया। इसके बाद कर्मचारियों ने चिकित्सा अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि चोपटा सीएचसी के चार कर्मचारियों विकास, शारदा, सुदेश कासनिया व रवि का एचकेआरएन पोर्टल पर नाम गायब है जिससे कर्मचारियों में रोष है मीटिंग में शारदा, पूनम, राकेश, सुनील, सुदेश कासनिया, मनीष, अर्जुन, रविंद्र, राजेंद्र, रोहतास, समा, राकेश,जुल्फा अन्य सभी कर्मचारी साथी मौजूद रहे।



चोपटा। चिकित्सा अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

# पुतिन की यात्रा से भारत-रूस संबंध हुए प्रगाढ़: यतींद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ रूस के राष्ट्रपति के भारत आगमन पर दी प्रतिक्रिया

भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आगमन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह दौरा दोनों देशों के दीर्घकालिक विश्वास, आपसी सम्मान और रणनीतिक सांझेदारी को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। उनके आगमन का वातावरण उत्साह और सकारात्मकता से भरा रहा, जिसने यह स्पष्ट किया कि भारत और रूस केवल परंपरागत मित्र नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक चुनौतियों का भी कंधे से कंधा मिलाकर सामना करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। एडवोकेट सिंह ने कहा कि भारत की स्वतंत्र, संतुलित और दृढ़ विदेश नीति ने वैश्विक मंच पर देश को एक विशिष्ट और प्रभावशाली स्थान दिलाया है। आज भारत न केवल उभरती शक्ति है, बल्कि विश्व-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रूस का भारत के साथ लगातार और भरोसेमंद सहयोग यह प्रमाणित करता है कि दोनों राष्ट्र एक-दूसरे के दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार बने रहेंगे। एडवोकेट यतींद्र सिंह ने सिरसा जिले की जनता और भाजपा परिवार की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के इस महत्वपूर्ण भारत दौरे के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।



सिरसा। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न युवाओं में दिखा जबरदस्त जोश

**चोपटा।** मेरी युवा भारत सिरसा द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गई। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला युवा अधिकारी धनपत ने प्रतियोगिता का औपचारिक समापन किया। इस मौके पर लक्की बागड़ी ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का सबसे मजबूत माध्यम है। यह न केवल अनुशासन और टीमवर्क सिखाता है, बल्कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। सभी युवा नियमित खेल अभ्यास करें, मोबाइल और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहें तथा अपनी प्रतिभा से परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता के सफल समापन के साथ ही खिलाड़ियों में नई ऊर्जा, उत्साह और आगे बढने का जज्बा देखने को मिला। आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता रहे।

**कार्यक्रम** लघु सचिवालय में कर्मियों को दिया वाई-ब्रेक योगाभ्यास का प्रशिक्षण

# वाई-ब्रेक तनाव कम करने और बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार : जन्नत

आयुष योग सहायक जन्नत ने बताए लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महानिदेशक, आयुष विभाग पंचकूला व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व योग जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान के निर्देशानुसार वाई-ब्रेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में लघु सचिवालय फतेहाबाद में आयुष विभाग के आयुष योग सहायकों द्वारा लगभग पिछले एक सप्ताह से कर्मचारियों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयुष योग सहायक जन्नत ने लघु सचिवालय में उपस्थित सभी कर्मचारियों को वाई-ब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण दिया। वाई-ब्रेक अभ्यास के प्रशिक्षण के दौरान आयुष योग सहायक जन्नत ने उपस्थित कर्मचारियों को ताड़ासन, उध्वा हस्तोत्तानासन, उत्तान मंडूकासन, कटी चक्रासन, नाडी शोधन प्राणायाम के साथ-साथ ध्यान का अभ्यास करवाते हुए उससे होने वाले लाभ से भी अवगत करवाया।

आयुष योग सहायक जन्नत ने बताया कि नित्य प्रति योगाभ्यास करने से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनते हैं।



फतेहाबाद। लघु सचिवालय में कर्मचारियों को योगभ्यास करवाते आयुष योग सहायक जन्नत। फोटो: हरिभूमि

### 5 मिनट का योग प्रोटोकॉल

जन्नत ने बताया कि वाई-ब्रेक एक योग विराम है जिसे आयुष मंत्रालय द्वारा कार्य स्थलों पर कर्मचारियों को तनाव मुक्त और तरह ताजा रखने के लिए शुरू किया गया है, यह एक 5 मिनट का योग प्रोटोकॉल है जिसमें अपनी कुर्सी पर बैठ बैठ हल्के योग आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया जाता है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों का तनाव कम करने एकाग्रता बढ़ाने और कार्य स्थल पर बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करना है। उपस्थित कर्मचारियों ने बड़ी उत्साह के साथ योग विराम अभ्यास का प्रशिक्षण लिया और निरंतरता के साथ इसे दैनिक दिनचर्या में भी शामिल करने की प्रतिबद्धता जताई।

### पुलिस ने बाल विवाह के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए नारनौंद थाना प्रभारी सदानंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजकीय गर्ल्स स्कूल नारनौंद में बाल विवाह के दुष्परिणामों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके स्कूली छात्रों को जागरूक कर बाल विवाह ना करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन एक्ट तथा बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। इंस्पेक्टर सदानंद ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि समाज में बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में छात्राओं को बाल विवाह न करने ओर ना होने देने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई।

